# मैं की भावना से ऊपर उठकर पर्यावरण संरक्षण के लिए करें कार्य : मंत्री

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 5 जून. विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर जिले में पौधरोपण, जल संरक्षण, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।**

**माचना नदी घाट पर हुआ सामूहिक श्रमदान**

**माचना नदी को स्वच्छ बनाने तैयार कर रहे वृहद योजना**

इसी क्रम में माचना नदी के दामादैय्यत घाट पर केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री दुर्गादास उईके, जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर तथा कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे की उपस्थिति में सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों ने माचना नदी की प्रतीकात्मक साफ-सफाई कर पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री दुर्गादास उईके ने कहा कि आने वाला समय युवाओं का है और आज का दिन आत्मचिंतन एवं आत्ममंथन का अवसर प्रदान करता है। हमारी प्रकृति ही जीवनदायिनी माँ है, जिसका संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। नदी, पेड़, जल, वायु और प्रकृति के अन्य तत्व मानव जीवन से अभिन्न रूप से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि



पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से ही आने वाली पीढ़ियों का सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से मैं की भावना से ऊपर उठकर लोकमंगल एवं प्रकृति संरक्षण के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

**माचना नदी को स्वच्छ अविरल बनाने वृहद योजना :** कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे ने कहा कि माचना नदी को स्वच्छ एवं अविरल बनाने के लिए वृहद कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसके माध्यम से नदी की शुद्धता बनाए रखने के साथ जलप्रवाह को भी निरंतर बनाए रखने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस का विषय नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाली जनभागीदारी की प्रक्रिया है। सभी के समन्वित प्रयासों से जिले में पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियों को निरंतर संचालित किया जाएगा।

### हमारी संस्कृति एवं परंपराएं प्रकृति से जुड़ी : नागर

जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर ने कहा कि हमारी संस्कृति एवं परंपराएं सदैव प्रकृति से जुड़ी रही हैं। भारतीय संस्कृति में प्राचीन काल से ही प्रकृति पूजन की परंपरा रही है, किंतु वर्तमान समय में समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति पुन: जागरूक करने की आवश्यकता महसूस हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति प्रकृति संरक्षण को अपने जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाए तथा ऐसे अवसरों पर अपने दायित्वों का पुनरावलोकन करे। उन्होंने सभी से माचना नदी को सदानीरा एवं स्वच्छनीरा बनाने का संकल्प लेने का आग्रह किया।

### छोटे-छोटे प्रयास, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा परिवर्तन

कलेक्टर डॉ सोनवणे ने कहा कि हरियाली विहीन पहाड़ियों को चिन्हित कर उन्हें हरित क्षेत्र में विकसित करने की कार्ययोजना भी तैयार की जा रही है। उन्होंने नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण के लिए सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने तथा पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास भी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। इस अवसर पर एसडीएम बैतूल डॉ अभिजीत सिंह, सीएमओ बैतूल नवनीत पांडे, तहसीलदार बैतूल पूनम साहू, जिला परियोजना समन्वयक जन अभियान परिषद प्रिया चौधरी, विकास मिश्रा, रश्मि साहू, शोभा नीरापूरे, ममता मालवीय, ब्रांड एम्बेसडर नेहा गर्ग सहित अन्य समाजसेवी, पर्यावरणविद एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## ग्राम विकास संगोष्ठी संपन्न

**बैतूल।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज ग्राम चिचढ़ाना में दिशा दृष्टि फाउंडेशन एवं ग्राम पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम विकास संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में उपस्थित सैकड़ों किसानों और ग्रामीणों ने ग्राम स्वच्छता, प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और वृक्षारोपण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम के दौरान सभी ग्रामीणों ने एक स्वर में सबसे पहले गाँव में प्राकृतिक खेती अपनाने का संकल्प लिया। ग्रामीण मनोहर पाटिल ने गाँव से लगी माँ ताप्ती की स्वच्छता और उसके आसपास वृक्षारोपण किए जाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नदी हमारी जीवनदायिनी है, इसे प्रदूषण मुक्त रखना हर ग्रामीण की जिम्मेदारी है। वहीं उपस्थित ग्रामीणों द्वारा प्रति शनिवार को माँ ताप्ती की आरती करने का संकल्प भी व्यक्त किया गया, ताकि नदी के प्रति आस्था और स्वच्छता का भाव जागृत रहे।

**एक नजर में**

## ओबीसी की अनदेखी के विरोध में धरना आज

**बैतूल।** जनगणना की हाउस लिस्टिंग प्रक्रिया में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए अलग श्रेणी का प्रावधान नहीं किए जाने के विरोध में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा आज शुक्रवार 5 जून को डॉ. बी.आर. अंबेडकर चौक बैतूल में दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तकधरना-प्रदर्शन करेगा। मोर्चा पदाधिकारियों के अनुसार जनगणना के हाउस लिस्टिंग फॉर्म में परिवारों की श्रेणी दर्ज करने के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य के विकल्प दिए गए हैं, लेकिन ओबीसी के लिए पृथक विकल्प नहीं रखा गया है। संगठन ने इसे ओबीसी समाज की उपेक्षा बताते हुए विरोध दर्ज कराने का निर्णय लिया है। मोर्चा की मांग है कि जनगणना के हाउस लिस्टिंग फॉर्म में ओबीसी का अलग विकल्प जोड़ा जाए, ओबीसी की जातिगत गणना सुनिश्चित की जाए तथा ओबीसी वर्ग को पृथक श्रेणी के रूप में मान्यता देकर सही जनसंख्या आंकड़े एकत्र किए जाएं। संगठन ने केंद्र सरकार से ओबीसी समाज से जुड़े मुद्दों पर स्पष्ट नीति घोषित करने की भी मांग की है। कार्यक्रम के दौरान धरना-प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। संगठन ने जिले के ओबीसी समाज, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से अधिक संख्या में शामिल होकर आंदोलन को समर्थन देने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि पहले चरण में 25 मई को राष्ट्रव्यापी ज्ञापन सौंपा गया, दूसरे चरण में 5 जून को देशभर में धरना-प्रदर्शन आयोजित किए जा रहे हैं, जबकि तीसरे चरण में 22 जून को राष्ट्रव्यापी रैली और प्रदर्शन किया जाएगा।

## हमले को लेकर राहिसे आक्रोशित

**बैतूल।** राष्ट्रीय हिन्दू सेना के तत्वावधान में परम पूज्य शंकराचार्य के अधीन विश्व प्रसिद्ध और पांचवा धाम बालाजीपुरम मंदिर में हुई अप्रिय घटना, मंदिर में उत्पात मचाने और मंदिर प्रबंधन के कर्मचारियों पर जानलेवा हमला कर हिन्दुओं की आस्था पर ठेस पहुंचाने वाले आरोपियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर संगठन के प्रदेश संयोजक पवन मालवीय के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में संगठन के विभाग अध्यक्ष मनीष मालवीय ने बताया की विगत दिनों जूता स्टैंड पर तैनात कर्मचारियों से मंदिर के दर्शन करने आए व्यक्तियों से जूते-चप्पल का निर्धारित शुल्क मांगा।

# चेक बाउंस मामले में आरोपी को एक साल का कारावास

**परिवादी को 5 .43 लाख रुपये देने के आदेश**

**एक वर्ष के साधारण कारावास से किया दंडित**

**मुलताई।** न्यायालय में चल रहे चेक बाउंस के एक मामले में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुलताई द्वारा आरोपी को एक साल के कारावास एवं परिवादी को प्रतिकर स्वरूप 5 लाख 43 रुपए देने के आदेश पारित किए है। परिवादी के अधिवक्ता अशोक सोनी ने बताया परिवादी सुनील कुमार पिता राधेश्याम शर्मा निवासी विवेकानंद वार्ड मुलताई की ओर से द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मुलताई के न्यायालय में अपील काउंटर अपील प्रकरण में पारित आदेश दिनांक 31 जुलाई 2023 के परिपालन में एसीजेएम न्यायालय मुलताई में द्वितीय परिवाद प्रस्तुत किया था कि परिवादी द्वारा आरोपी को अच्छे मित्र होने के नाते अपने मकान के विक्रय से प्राप्त धनराशि में से 3 लाख रुपए वर्ष 2015 में योगी भार्गव मुलताई वाले की दुकान पर विजय यादव व अन्य के समक्ष प्रदान किये थे। परिवादी द्वारा आरोपी से उक्त राशि की मांग करने पर आरोपी द्वारा पंजाब नेशनल बैंक शाखा का अपने खाते का 3 लाख रूपये का चेक प्रदान किया। परिवादी द्वारा उक्त चैक भुगतान के लिए लगाने पर बीते 9 मई 2017 को असरोपी के खाते में अपर्याप्त निधि होने के कारण अनादरित होकर परिवादी को 17.05.2017 को प्राप्त हुआ।जिसकी सूचना आरोपी को दिये जाने पर उसके द्वारा उक्त चैक पुन: भुगतान हेतु प्रस्तुत करने का कहे जाने पर परिवादी ने उक्त चैक पुन: भुगतान हेतु बैंक ऑफ महाराष्ट्र में प्रस्तुत किया किंतु पुन: उक्त चैक अपर्याप्त निधि होने की सूचना के साथ दिनांक 3 जून 2017 को परिवादी को प्राप्त हुआ, जिसकी सूचना आरोपी को दिये जाने पर आरोपी राशि लौटाने का मात्र आश्वासन देता रहा लेकिन राशि नहीं लौटाई। जिसके बाद परिवादी दायर अपने अधिवक्ता के माध्यम से चेक बाउंस होने की सूचना आरोपी को दी थी। लेकिन उक्त राशि आरोपी ने वापस नही की थी। प्रकरण की सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने पाया परिवादी धारा 138 के अधीन दंडनीय अपराध के संबंध में युक्ति-युक्त संदेह से परे स्थापित होता है। न्यायाधीश द्वारा मामले के आरोपी रवि पिता फत्या पाठेकर 43 वर्ष निवासी राजीव गांधी वार्ड मुलताई को दोषी पाते हुए अभियुक्त को 1वर्ष के साधारण कारावास से दंडित किया है।

# प्लांट की सुरक्षा व्यवस्था में कोई कमी नहीं : टीआई

**सारनी।** सतपुड़ा पावर प्लांट की सुरक्षा व्यवस्था एवं डिसमेंटल कार्यों का टीआई एवं सुरक्षा अधिकारी ने जायजा लिया है। टीआई जयपाल इवनाती एवं पावर प्लांट के सुरक्षा अधिकारी एसके राघव ने पुरानी इकाइयों के डिस्मेंटल कार्य एवं सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया है। डिस्मेंटल कार्य में लगे हनी एवं बाहरी मजदूरों के बारे में जानकारी ली। सुरक्षा अधिकारी एसके राघव ने बताया कि पुरानी गाड़ियों के डिस्मेंटल कर में लगे मजदूरों के चरित्र प्रमाण पत्र की जांच के बाद ही गेट पास जारी किये जाते है, उन्होंने कहा कि डिसमेंटल और अन्य कार्य में लगी



कंपनियों के द्वारा दी गई मजदूरों की सूची जांच के बाद ही गेट पास जारी किये गये है। पावर प्लांट की गेट पर तैनात सुरक्षा कर्मियों द्वारा मजदूरों एवं कर्मचारियों के गेट पास की जांच करने के बाद ही प्रवेश दिया जाता है। टीआई जयपाल इवनाती ने पावर प्लांट का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के बाद कहा कि प्लांट की सुरक्षा में कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि पुरानी चार बड़ी इकाईयों के डिसमेंटल कार्य में लगी कंपनी में काम करने वाले मजदूरों के गेट पास एवं सुरक्षा उपकरण की जानकारी ली है।

# विधायक सहित नपा अध्यक्ष ने किया पौधारोपण

**मुलताई।** विश्व पर्यावरण दिवस एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास विश्वास एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर के अवसर एक पेड़ मां के नाम के खरसाली में स्थित फिल्टर प्लांट परिसर में विधायक चंद्रशेखर देशमुख एवं नगरपालिका अध्यक्ष नीतू परमार सहित भाजपाइयो ने पौधारोपण किया। भाजपा मिडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने बताया विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने कहा उक्त स्थल पर पानी की उचित व्यवस्था है, उन्होंने सीएमओ एवं नपा कर्मियों से सभी पौधों की उचित देखरेख कर जिंदा रखने के निर्देश दिए। इस दौरान फिल्टर प्लांट पर विभिन्न प्रजाति के 50 पौधों का रोपण किया गया द्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास सेवा एवं जन कल्याण की 12 वर्ष के अवसर पर 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष शिव माहौरे, जगदीश पवार, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू, सभापति महेंद्र जैन, शिल्पा शर्मा, रितेश विश्वकर्मा, पार्षद अजय यादव,एल्डरमेन बीना पंजाबी, बबल सेवतकर, मारुति पवार, सुनील बिहारे सहित भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

# परम डिस्ट्रीब्यूटर्स ने चलाया पौधारोपण अभियान

**बैतूल।** विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए परम डिस्ट्रीब्यूटर्स रेत कंपनी ने व्यापक पौधारोपण अभियान चलाकर हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। कंपनी द्वारा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर करीब 2000 पौधों का रोपण किया गया।

इस दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, विद्यालय स्टाफ और क्षेत्रवासियों ने पौधारोपण में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। अभियान के तहत टांगना माल, मोती ढाना, पाठई रोड, शाहपुर गुवाड़ी तथा धपाड़ा स्कूल परिसर सहित विभिन्न स्थानों पर




पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों और कंपनी के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। पौधारोपण के साथ ही लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया गया ताकि भविष्य में ये पौधे बड़े होकर पर्यावरण संतुलन को मजबूत कर सकें। अभियान में जिला खनिज अधिकारी भागवत नागवंशी, जनपद पंचायत सीईओ फिर्दोष शाह, जनपद सदस्य भूरेलाल चौहान, रोजगार सहायक अशोक पाटनकर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बजरंगियों ने गौवंश ले जा रहा ट्रक और 3 तस्करों को पकड़ा

**मुलताई।** बजरंग दल द्वारा गौवंश की तस्करी रोकने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे।शुक्रवार सुबह 6 बजे बजरंग दल मुलतापी के बजरंगियों द्वारा गौवंश भरकर जा रहे आयशर वाहन एमएच 35 के 6222 पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। बजरंग दल मुलतापी के बजरंगी सागर साहू ने बताया उन्हें सूचना मिली की एक आयशर छिन्दवाड़ा मार्ग से तेज रफ्तार से मुलताई की ओर आ रहा था, बजरंगियों को देखकर ट्रक ड्राइवर ने देखा तो वो पट्टन रोड से महाराष्ट्र के कत्लखाने की ओर तेजी से भगाने लगा, बजरंगियों ने करीब 22 किलोमीटर चेकपोस्ट क तक पीछा कर घेराबंदी करते हुए गौ वंश से भरी हुई आयशर वाहन सहित 3 गौ तस्करो को मौके पर पकड़ा गया,जिसमे सभी 27 गौवंश को बडी बेरहमी पुर्वक रस्सीयो से बांध कर रखा था। जिसकी सूचना पुलिस को देने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा गौवंश से भरा आयशर वाहन जप्त कर 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उक्त कार्रवाई में बजरंग दल मुलतापी के सागर बजरंगी, दिपांशु साहू, पंकज बिहारे, रोहित कुमरे, दिनेश नामदेव, चेतन चोपडे पट्टनटिम से दूर्गेश खुशरंगे, दुर्गेश सुर्यवंशी, तुषार डाढोरे, बजरंग दल तिवरखेड टिम, अंकित साहू, मोहित देशमुख, जितेन्द्र आदवारे, जय साहू की भूमिका रही।

# वार्ड में कार्य नहीं करने के पार्षद ने लगाए आरोप

**मुलताई।** नगर का ताप्ती वार्ड दलित पार्षद का वार्ड होने से तीन सालो में भी कोई निर्माण कार्य नही करते भेदभाव करने के आरोप लगाते हुए ताप्ती वार्ड पार्षद सभापति निर्मला उबनारे वार्ड की महिलाओ के साथ शुक्रवार दोपहर 2 बजे से नगर पालिका के सीएमओ कक्ष में धरने पर बैठ गई एवं जमकर नारेबाजी की। पार्षद निर्मला उबनारे ने बताया मुख्यमंत्री अधो संरचना चतुर्थ चरण में नगर के वार्डो में सड़के स्वीकृत हुई थी, जिसमे से अधिकांश वार्डो में सड़को का निर्माण कर दिया गया, सिर्फ उनके वार्ड में सीसी सड़क का निर्माण ना करते हुए भेदभाव



किया जा रहा है वहीं नालियो का निर्माण नही होने से वार्ड में गंदा पानी जमा रहता है, ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारम्भ नही किया जा रहा है,स्वीकृत कार्य के टेंडर नही लगाए जाते, भेदभाव किया जाता है,मै दलित वार्ड पार्षद हूं इसलिए कार्य नही कराए जाते है। अब जब तक निर्माण कार्य प्रारम्भ नही किया जाता हम धरने से नही उठेंगे, शाम साढे 5 बजे सीएमओ वीरेंद्र तिवारी के आने के बाद पार्षद निर्मला बेले, वंदना साहू एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष के जमकर बहस हुई।

# पेट्रोल-डीजल और गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों के खिलाफ प्रदर्शन

**सारनी।** पेट्रोल,डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों को लेकर कांग्रेस अब सड़क पर उतरकर कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया है. गुरुवार को कांग्रेस कमेटी ने विरोध प्रदर्शन करने के बाद नायाब तहसीलदार संतोष पथों रिया को ज्ञापन सौंपा। महंगाई के मुद्दे को आमजन की पीड़ा से जोड़ते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सारनी शहरी एवं ग्रामीण एक अनोखी बैलगाड़ी रैली का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शन का उद्देश्य केंद्र सरकार का ध्यान लगातार बढ़ रही महंगाई और आम परिवारों पर पड़ रहे उसके प्रभाव की ओर आकर्षित करना बताया जा रहा है। ब्लॉक कांग्रेस



अध्यक्ष बटेश्वर भारती ने प्रेस नोट जारी कर कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल,घरेलू एवं कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमतों में लगातार वृद्धि ने गरीब और मध्यवर्गीय परिवारों का घरेलू बजट बिगाड़ दिया है। हालत यह है कि रसोई का हिसाब-किताब संभालना दिन-ब- दिन कठिन होता जा रहा है। कई परिवारों ने खर्चों में कटौती शुरू कर दी है, जबकि महंगाई ने आम आदमी की जेब पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। कांग्रेस के अनुसार,जब ईंधन महंगा होता है तो उसका असर केवल वाहनों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवहन, खाद्य सामग्री,सब्जियों और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों पर भी दिखाई देता है। इसी मुद्दे को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता बैलगाड़ी के माध्यम से प्रतीकात्मक विरोध दर्ज किया पार्टी नेताओं का कहना है कि जब ईंधन आम आदमी की पहुंच से दूर होता जा रहा है तो लोगों को पुराने परिवहन साधनों की याद आने लगी है, इसलिए बैलगाड़ी रैली के जरिए जनभावनाओं को अभिव्यक्त किया जाएगा। रैली गुरुवार शाम 5 बजे बगडोना कॉलेज स्वागत द्वार से प्रारंभ होकर महावीर स्वामी वार्ड क्रमांक 36 स्थित हवाई पट्टी जुहू चौपाटी तक निकाली गई।

**पौधारोपण** बैतूल (सामान्य) वनमंडल अंतर्गत नगर वाटिका वन विद्यालय, कालापाठा बैतूल में पौधरोपण कार्यक्रम

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वन विद्यालय में 40 पौधों का रोपण

**बैतूल।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन विभाग बैतूल द्वारा उत्तर बैतूल (सामान्य) वनमंडल अंतर्गत नगर वाटिका वन विद्यालय, कालापाठा बैतूल में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से एक पेड़ मां के नाम अभियान का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण के महत्व को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री, जनजातीय कार्य मंत्रालय दुर्गादास उइके ने बरगद का पौधा रोपित किया। जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर ने पीपल, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने आंवला, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे ने लाल



चंदन का पौधा रोपा। समाजसेवी मुकेश खंडेलवाल, वन संरक्षक वन वृत्त बैतूल मधु वी. राज एवं कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने भी पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में डीएफओ नवीन गर्ग, डीएफओ अरिहंत कोचर, एसडीओ सुंदर निवेदन, एसडीओ धुव्र श्रीवास्तव एवं एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भी पौधरोपण किया।

कार्यक्रम के दौरान कुल 40 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान भी किया गया। केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नागर के मार्गदर्शन में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत संवेदनाओं के साथ पौधरोपण किया गया है। उन्होंने कहा कि यह अभियान आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में पर्यावरण संरक्षण के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। प्रकृति और पर्यावरण हमारे पूर्वजों की अमूल्य विरासत हैं, जिनके संरक्षण की जिम्मेदारी हम सभी की है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने में पर्यावरण संरक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नागर ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बैतूल नगर में जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन तथा सामाजिक संगठनों के सहयोग से माचना नदी स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान नदी संरक्षण एवं स्वच्छता के क्षेत्र में कार्य कर रहे स्वयंसेवकों को सम्मानित भी किया गया।

# लाखों खर्च फिर भी क्षेत्र में बंदरों का आतंक बरकरार

**पाथाखेड़ा।** सतपुड़ा के जंगलों से वर्षों से शहर क्षेत्र में पहुँच रहे लाल एवं काले रंग के वानरों की बढ़ती संख्या अब नगरवासियों के लिए गंभीर समस्या बन चुकी है। रहवासियों का आरोप है कि पूर्व में नगर पालिका परिषद द्वारा वानर सेना को पकड़कर जंगलों में छोड़ने के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए गए, ठेकेदारों को भुगतान भी हुआ, लेकिन धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। आज भी शहर के कई वार्डों में वानरों का आतंक लगातार बढ़ रहा है, जिससे लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है।नगरवासियों का कहना है कि सुबह से लेकर शाम तक बंदरों के झुंड मकानों की छतों, गलियों और बाजार क्षेत्रों में उत्पात मचाते देखे जा सकते हैं। कई बार ये बंदर घरों में घुसकर खाद्य सामग्री नुकसान



पहुंचाते हैं, बच्चों एवं बुजुर्गों पर हमला कर चुके हैं तथा महिलाओं में भी भय का वातावरण बना हुआ है। रहवासियों ने आरोप लगाया कि ठेकेदारों द्वारा वानरों को पकड़ने का कार्य ईमानदारी और गंभीरता से नहीं किया गया, जिसके कारण लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकल सका।स्थानीय नागरिकों ने यह भी कहा कि यदि समय रहते प्रभावी योजना नहीं बनाई गई तो आने वाले समय में स्थिति और भयावह हो सकती है। लोगों ने नगर पालिका परिषद एवं वन विभाग से संयुक्त रूप से ठोस कार्रवाई करने, वैज्ञानिक तरीके से वानरों के पुनर्वास की व्यवस्था करने तथा प्रभावित क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाने की मांग की है।